तापमान
अधिकतम 000 डिग्री
न्यूनतम 000 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 भैंसमुंडी सरपंच पर प्राणघातक हमला





12 लोक गायिका आरु को मिला छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान




## खबर संक्षेप

### लर्निंग, शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर आज

**धमतरी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत गांधी मैदान में बुधवार को लर्निंग, शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता एवं उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से 14 जनवरी को सिटी कोतवाली के सामने गांधी मैदान में लर्निंग, शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं सुचारू निराकरण के लिए जिले में स्वीकृत परिवहन सुविधा केंद्रों की ड्यूटी लगाई गई है।

### गोजी में मड़ई मेला आज

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को मड़ई मेला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य नारी, मनीषा त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य दर्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जयमित्र साहू करेंगे। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी बदरिया मोखा गुरुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष बरातूराम गंगोई, उपाध्यक्ष वासुदेव साहू, उमेश साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू ने दी।

### सिलीडीह में मड़ई 19 को

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत सिलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी सोमवार को मड़ई मिलन का आयोजन किया गया है। रात्रि में भुंईया के श्रृंगार नाचा पार्टी होच्चेटोला अम्बागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जनकारी जितेंद्र यादव, नैनसिह यादव, चंदूलाल ध्रुव ने दी है।

### मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता 24 से

**जीजामगांव।** संत कर्मा माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक किया गया है। झांकी में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय 7001 रुपये, तृतीय 6001 रुपये, चतुर्थ 5001 रुपये, पंचम 4001 रुपये, षष्टम 3001 रुपये, सप्तम 2501 रुपये, अष्टम 2001 रुपये, नवम 1501 रुपये, दशम पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है। गायन वर्ग में प्रथम इनाम 3001 रुपये, द्वितीय 2001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपये दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में राजेश बैस, निरंजन निषाद, जगदीश धीवर, विक्रम साहू, प्रतीक चौहान, लोकेश साहू, देवा सेन सहित संत कर्मा माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### युवक की डूबने से मौत, जांच जारी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 63 बलरामपुर निवासी 23 वर्षीय राजेश ध्रुव पिता गोपाल सरकार का डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 63 बलरामपुर निवासी 31 वर्षीय प्रवीर सरकार पिता गोपाल ने पुलिस को बताया कि घर के तालाब में डूबने से 12 जनवरी को सुबह 11 बजे राजेश ध्रुव का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाता कांकेर अंतर्गत गोतपुर निवासी सुरेश नेताम पिता सुरेश नेताम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गोतपुर निवासी 41 वर्षीय राजकुमार जुर्री पिता सुरज राम जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 जनवरी को सुबह 6 बजें फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

परीक्षा का भूत भगाने के लिए दी जाएगी विशेष कोचिंग

# सोशल ऑडिट में 272 स्कूल कमजोर मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोशल ऑडिट में जिले के 272 स्कूलों का परफार्मेंस कमजोर मिला। इन स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए कुछ नहीं किया गया। ऐसे में ये स्कूल जस के तस हैं। अब फिर से इन्हीं स्कूलों का ऑडिट किया गया है। अब बेसब्री से इस ऑडिट के रिजल्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

स्कूलों में शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जांच करने के लिए पिछले साल अक्टूबर माह में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सोशल ऑडिट किया गया था। जिसमें जनप्रतिनिधि और नामित अधिकारियों ने स्कूलों में घूम-घूमकर सुविधाओं का जायजा लिया। उनका मोबाइल नम्बर एप में पंजीकृत था। जिसमें उन्होंने स्कूल की जानकारी अपलोड की थी। जिले में कुल 1491 स्कूल हैं। सोशल ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार इसमें से 272 स्कूल डी स्तर के हैं। रिपोर्ट आने के बाद इन स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए कुछ भी काम नहीं किया गया। रूटीन के तहत इन स्कूलों में पढ़ाई चलती रही। अब फिर से इन लो परफार्मेंस वाले स्कूलों का लक्ष्य मानकर ऑडिट किया है। अधिकारियों को भी मालूम है कि इन स्कूलों की गुणवत्ता में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। अब वे नए ऑडिट रिपोर्ट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। यदि अब भी इन स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार नहीं मिला तो योजना बनाकर स्कूलों का स्तर सुधारा जाएगा।



### अच्छे रिजल्ट के लिए विशेष कक्षाएं

20 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इस बार अच्छे रिजल्ट के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार को इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिक्षकों की बैठक बुलाई थी। इस कोचिंग में प्रशिक्षित शिक्षक, प्राचार्य सहित अन्य विषय विशेषज्ञ छात्रों को पढ़ाएंगे। परीक्षा को लेकर विशेष तैयारी भी करवाएंगे।

### इसलिए आए लो परफार्मेंस की श्रेणी में

जानकारी के अनुसार स्कूलों की गुणवत्ता के लिए प्रत्येक जिले में अलग-अलग मापदंड निर्धारित किया गया था। धमतरी में 100 अंकों पर आधारित प्रश्नों पर गुणवत्ता की जांच की गई। जिन स्कूलों का परफार्मेंस 80 प्रतिशत आया, उन्हें लो परफार्मेंस वाले स्कूल की श्रेणी में रखा गया है। यहीं कारण है कि बड़ी संख्या में स्कूल की गुणवत्ता कमजोर अंकित किया गया है। जिले के 129 प्राइमरी, 86 मिडिल और 57 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल इस श्रेणी में मिले हैं।

# बोर्ड की तैयारी तेज : 21 जनवरी से प्री-बोर्ड, 20 फरवरी से वार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन 21 जनवरी से किया जाएगा। वहीं लगभग एक माह बाद 20 फरवरी से वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। इन परीक्षाओं में धमतरी जिले के कुल 18 हजार 253 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्री-बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। प्री-बोर्ड परीक्षा 21 से 30 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2:15 बजे तक आयोजित होगी। कक्षा 10वीं और 12वीं के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों में संपन्न होंगी। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि 5 फरवरी तक प्री-बोर्ड परीक्षाफल घोषित कर पालकों को अवलोकन कराया जाएगा। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार कक्षा 10वीं में 10 हजार 441 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनके लिए 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं कक्षा 12वीं में 7 हजार 812 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए 83 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। वार्षिक बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होगी, जो सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चलेगी। कक्षा 12वीं का पहला पेपर भूगोल एवं भौतिक शास्त्र से शुरू होगा। बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में तैयारी को लेकर उत्साह और गंभीरता देखी जा रही है।

# ननि ने थमाया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में आगामी 30 वर्षों की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में शासन द्वारा लगभग 34 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से वॉटर फ़िल्टर ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य आदेश 15 नवंबर 2019 को मेसर्स रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को जारी किया गया था। निर्धारित शर्तों के अनुसार ठेकेदार को 31 दिसम्बर 2023 तक प्लांट का निर्माण पूर्ण कर नगर निगम को हैंड ओवर करना था। लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर निगम प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। प्र.कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत ने बताया कि शहर में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# कलेक्टर ने भखारा तहसील के 5 धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- रकबा समर्पण, टोकन कटान एवं धान उठाव प्रक्रिया की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने भखारा तहसील अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केंद्र डोमा, बगदेही, कोसमर्रा, भखारा एवं सेमरा (बी समितियां) पहुंचकर खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टोकन कटान की स्थिति, किसानों द्वारा धान विक्रय, रकबा समर्पण, भंडारण क्षमता तथा धान उठाव की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों से व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज मरकाम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों के टोकन जारी हो चुके हैं, उनका धान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से खरीदा जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा या असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वास्तविक एवं छोटे किसानों को धान खरीदी में विशेष प्राथमिकता दी जाए, ताकि शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ उन्हें शीघ्रता से प्राप्त हो सके। रकबा समर्पण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं फर्जी बिक्री पर सख्त नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि जिन किसानों द्वारा पहली बार धान बिक्री हेतु टोकन कटवाया गया है, उनके खेतों एवं निवास स्थल पर जाकर राजस्व अधिकारियों द्वारा फसल का अनिवार्य भौतिक सत्यापन किया जाए।



# उमरादैहान के ग्रामीण आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर

- शासन के आदेश के बाद भी विद्युत कनेक्शन विस्तार कार्य अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी तहसील के ग्राम पंचायत कौहाबाहरा के आश्रित गांव उमरादैहान के ग्रामीण आज भी अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं। शासन से आदेश जारी होने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं होने पर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी रामभरोसा सिन्हा के साथ उमरादैहान के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सन 1975-76 से उमरादैहान में काबिज होकर खेती किसानी कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। उमरादैहान में बिजली की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन बिताना पड़ रहा है जिससे लोगों पर जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। बिजली की अति आवश्यकता को लेकर शासन-प्रशासन से बार-बार आवेदन किया गया तब जाकर उमरादैहान में विद्युत कनेक्शन विस्तार करने का आदेश संबंधित ठेकेदार को प्राप्त हुआ है। आदेश के तहत बोधसेमरा, कल्लेमेटा, नवागांव, सामतरा, सांकरा में विद्युत कनेक्शन किया जा चुका है लेकिन कौहाबाहरा के आश्रित ग्राम उमरादैहान आज भी अंधेरे में है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने कलेक्टर को अतिशीघ्र विद्युत कनेक्शन कराने को लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



# जल विहार कॉलोनी में समस्याओं का अंबार

- रोड, नाली, ओपन जिम, ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड स्थित जल विहार कॉलोनी में ओपन जिम, सीसी रोड तथा ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण को लेकर कॉलोनीवासियों ने कलेक्टोरेट में हल्ला बोला है। जल विहार कॉलोनी निवासी जीपी शर्मा, पूरन शर्मा, ओपी सिंग, रविन्द्र प्रताप सिंग आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि रूद्री रोड में स्वास्थ्य की दृष्टि से व्यायाम के लिए ओपन जिम गार्डन नहीं है। महिला बुजुर्ग, छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जिम की अति आवश्यकता है। जिम के लिए जल विहार कॉलोनी में रिक्त शासकीय जमीन है। लंबे समय से खाली जमीन पर अतिक्रमण की संभावना है। घनी आबादी के बीच रिक्त जमीन पर ओपन जिम बनने से यहां के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होगा। कॉलोनीवासियों ने रिक्त जमीन पर ओपन जिम गार्डन बनाने की मांग कलेक्टर से की है।



### 100 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण किया जाए

जल विहार कॉलोनीवासियों ने कहा है कि गली नंबर 4 में केपीएस स्कूल एवं बच्चों का अस्पताल है। इस राह में बड़े बड़े गड्ढे तथा अधूरी नाली बनी है। अधूरी नाली से पानी निकासी नहीं होने से गंदी और असहनीय बदबू से लोग परेशान है। बदबू और गंदगी से गंभीर बीमारी फैलने की आशंका है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि सभी लोगों ने अपनी जमीन का डायवर्सन कराकर राजस्व राशि शासन में जमा कर दी है। समय-समय पर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा किया जा रहा है। पंचायत रोड निर्माण को लेकर आवंटन का अभाव एवं रोड की भूमि को निजी बताकर टाल देती है जिससे वे परेशान हैं। कलेक्टर से 100 मीटर सीसी रोड तथा 80 मीटर नाली निर्माण कराने की मांग की है।

### स्कूल के सामने ट्रांसफार्मर से खतरा

जल विहार कॉलोनी के निवासियों ने एक अन्य आवेदन में कहा है कि 4 नंबर गली में स्थित केपीएस स्कूल के सामने विद्युत ट्रांसफार्मर खुले अवस्था में काफी नीचे है जिसमें अक्सर चिंगारी तथा आयल निकलता रहता है। स्कूल के सामने होने से बच्चे ट्रांसफार्मर के नजदीक आते हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। ट्रांसफार्मर को रूद्री रोड स्थित मुख्य मार्ग में स्थानांतरण करने की मांग कलेक्टर से की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में कामिनी सिन्हा, अनीता साहू, सविता सिंगल, नीलू देवांगन, दामिनी निषाद, उपासना सिन्हा, पूजा सिंग आदि मौजूद थे।

# बटंची लहराते जिलाबदर बदमाश हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिना अनुमति के शहर में प्रवेश कर सार्वजनिक स्थान पर बटंची चाकू लहरा रहे जिलाबदर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जिलाबदर आरोपी सौरभ सोनी को स्टेशनपारा के पास सार्वजनिक स्थल में बटंची चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल स्टेशनपारा पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि दंडाधिकारी ने आरोपी को 1 वर्ष के लिए जिलाबदर करते हुए सरहदी जिले से दूर रहने का आदेश दिया था। इसके बावजूद आरोपी ने बिना किसी वैध दस्तावेज के जिले में प्रवेश किया था। आरोपी के कब्जे से बटंची चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आपराधिक कृत्य पाए जाने पर सिटी कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 223 बीएनएस छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 तथा आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया। जिलाबदर आरोपी सौरभ सोनी पिता नरेंद्र उम्र 25 वर्ष आमातालाब रोड श्रीराम नगर धमतरी निवासी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



- अवैध रूप से किया था शहर में प्रवेश

### पूर्व में गंभीर मामले दर्ज

उल्लेखनीय है कि आरोपी सौरभ सोनी के खिलाफ सिटी कोतवाली में पूर्व से ही मारपीट, धमकी, अवैध हथियार रखने एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित कई गंभीर अपराध दर्ज है। आरोपी पर वर्ष 2020 से 2024 के मध्य भादवि की विभिन्न धाराओं तथा 25, 29 आर्म्स एक्ट अंतर्गत अनेक प्रकरण पंजीबद्ध रहे। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने गुंडा बदमाशों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

सुबह से ही नदियों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी

# उत्तरायण की शुभ बेला आज, श्रद्धा-उल्लास के संग मनेगा मकर संक्रांति व पोंगल का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में बुधवार 14 जनवरी को आस्था, परंपरा और उल्लास का संगम देखने को मिलेगा। मकर संक्रांति एवं पोंगल पर्व पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक उत्साह का माहौल है। सुबह से ही पवित्र नदियों और धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व मंगलवार 13 जनवरी की रात सिख समाज द्वारा लोहड़ी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच अग्नि प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। 14 जनवरी की सुबह श्रद्धालु महानदी सहित अन्य पवित्र जल स्रोतों में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

पंडित राजकुमार तिवारी ने पर्व की धार्मिक मान्यता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे उत्तरायण काल का आरंभ होता है। इसे देवताओं का दिन माना गया है और इस दिन से शुभ कार्यों की शुरुआत विशेष फलदायी होती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन किया गया दान, जप और स्नान अक्षय पुण्य प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि तिल और गुड़ का विशेष धार्मिक महत्व है। तिल को पवित्रता और गुड़ को मिठास व सौहार्द्र का प्रतीक माना जाता है। तिल-गुड़ का दान एवं सेवन करने से जीवन में सकारात्मकता आती है और आपसी वैमनस्य समाप्त होता है। इसी कारण इस दिन तिल-गुड़ के लड्डू दान करने की परंपरा है। इस अवसर पर पतंगबाजी भी विशेष आकर्षण रहेगी। घर-घर में पारंपरिक व्यंजन बनाए जाएंगे और लोग एक-दूसरे को मकर संक्रांति व पोंगल की शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा करेंगे।



# गोरसानाला स्कूल का शौचालय जर्जर, नया बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत टांगापानी के आश्रित ग्राम गोरसानाला स्कूल में नवीन शौचालय निर्माण की मांग की है। टांगापानी सरपंच ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि आश्रित ग्राम गोरसानाला प्राथमिक शाला का बालक एवं बालिका शौचालय अतिजर्जर हो गया है जिससे कभी भी अप्रिय हादसा हो सकता है। पूर्व में जिला पंचायत सीईओ को आवेदन कर नवीन शौचालय निर्माण की मांग की गई है जिसका आज तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत टांगापानी ने बालक-बालिका के लिए नवीन शौचालय निर्माण की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### जीजामगांव में शिव महापुराण कथा 15 से

**जीजामगांव।** शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जीजामगांव में सात दिवसीय



संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 से 22 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस 15 जनवरी को देव स्थापना, 16 को शिव कथा प्रारम्भ, 17 को शिवतत्व महत्तम, 18 को नन्दी जन्म कथा, 19 को शिव पार्वती विवाह, 20 को कार्तिक जन्म, 21 को गणेश जन्म एवं 22 जनवरी शिव गीता हवन होगा।

### कचना में श्रीमद् भागवत कथा 15 से

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में



जनजागरण सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 15 से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। व्यासपीठ पर ममता दीदी पाठक रतलाम मप्र विराजमान होंगी। 15 जनवरी गुरुवार को कलश शोभायात्रा एवं महात्मय धुंधकारी मोक्ष की कथा, 16 को कपिल मुनि अवतार कथा, 17 को ध्रुव चरित्र कथा प्रसंग, 18 को कृष्ण जन्मोत्सव कथा, 19 को गोवर्धन पूजा कथा, 20 को रुक्मणि विवाह कथा प्रसंग एवं 21 जनवरी बुधवार को परीक्षित मोक्ष, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक होगी।

### पठार में शिव महापुराण कथा शुरू

**मगरलोड।** ग्राम पठार में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 12 से 17 फरवरी तक किया गया है। 12 फरवरी को जल कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव पुराण महात्म्य कथा, 13 को शिव प्रागटय, आदि शिवलिंग की उत्पत्ति, शिव पूजन हुआ। 14 को नारद मोह, सृष्टि वर्णन, कुबेर का पुत्र चरित्र, 15 को संध्या देवी की कथा, सती चरित्र पार्वती जन्म एवं उत्सव, 16 को गंगा वतरण, शिव पार्वती विवाह, 17 को कार्तिक, प्राकट्य, तुलसी महिमा, जालंधर वध, बाणासुर कथा, शोभायात्रा एवं 18 फरवरी बुधवार को भगवान शिव की विधि अवतार, 12 ज्योतिर्लिंग ,महात्म्य, बेलपत्र वर्षा, पूर्णाहुति होगी। कथावाचक पं. विष्णुप्रसाद दुबे नवीन जोरातराई कुरूद को सुनने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। कार्यक्रम में कंवल सेन, सिलोचनी सेन, भगवानसिंग सेन, निर्मला सेन, वारेन्द्र सेन, भुनेश्वरी सेन जुटे हैं।

### दो बाइक के बीच भिड़ंत होने से चालक के हाथ व पैर में आई चोट

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम झालोपारा करमोती में सब्जी खरीदने के लिए गए दो युवक के बाइक को विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक चालक के हाथ व पैर में चोट आया व वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पोटाईपारा करमोती निवासी 65 वर्षीय अंजोरी राम निषाद पिता स्व. सेलेदार निषाद ने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी कि शाम को मेरा नाती डोंमेन्द्र निषाद अपने साथी डोमेन्द्र सोनवानी के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 4239 में सवार होकर झालोपारा करमोती सब्जी खरीदने के लिए जा रहा था।

---

आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने नगर पंचायत मगरलोड में हुई बैठक

# भारतीय किसान संघ 16 जनवरी को कलेक्ट्रेट में करेगा धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

भैंसमुंडी स्थित नगर पंचायत मगरलोड के बाजार चौक में भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशवराम साहू रहे। अध्यक्षता पार्षद घनश्याम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि भागवत राम साहू, अलकू राम साहू एवं शांति देवांगन थे।

भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनसिंह साहू ने बताया कि जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के नेतृत्व में संघ द्वारा किसानों के हित में निरंतर कार्य किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं के निराकरण, शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा धान खरीदी से जुड़ी परेशानियों को लेकर



संघ सक्रिय रूप से आंदोलन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि 16 जनवरी को कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उन सभी किसानों को शामिल होने की अपील की गई, जिन्होंने धान बेचा है या किसी कारणवश धान विक्रय नहीं कर पाए हैं। भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा पूरे प्रदेश स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिन किसानों की खसरा प्रविष्टि छूट गई है, उन्हें भी उपस्थित रहने का आह्वान किया गया।

पार्षद घनश्याम साहू ने कहा कि संगठन के माध्यम से ही किसानों की समस्याओं का समाधान संभव है। उपाध्यक्ष मंशा साहू ने गो पालन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सचिव वेदराम ने भी संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि केशवराम साहू ने भारतीय किसान संघ की एकता और विस्तार पर बल देते हुए अधिक से अधिक किसानों को संघ से जोड़ने की अपील की।

कार्यक्रम में भीखूराम, भक्तराम, लखन साहू, हीरालाल, वेदराम, भागवत, अलखूराम प्रहलाद, कमलेश मारकंडे, शांति देवांगन, प्रीतम साहू, राजेंद्र कुमार, बिसाहूराम, प्रदीप साहू, तेजा यादव, मीना देवांगन, रुक्मणि साहू, किशनराम, रामचंद्र, केशवराम, बहुरन, चरित्र सेन, विमल ध्रुव, कृपाराम, यमुना सेन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। तोमन साहू द्वारा विभिन्न गांवों से आए किसानों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

---

# शिवमहापुराण कथा में श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम दिखा

■ कथा स्थल में ओडिशा एवं बस्तर क्षेत्र के गायत्री परिवार के सैकड़ों सेवक जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

देऊरपारा सिहावा के कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरि बापू महाराज के सान्निध्य में आयोजित 828वीं श्री शिवमहापुराण कथा के प्रथम दिवस से ही श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा आयोजन को सफल बनाने ओडिशा एवं बस्तर क्षेत्र से आए गायत्री परिवार के सैकड़ों सेवक तन-मन से जुटे हुए हैं। कथा के पहले ही दिन गायत्री परिवार के सत्संग मालाधारी लगभग एक हजार से अधिक बालिकाएं, महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालुओं की सेवा, प्रसादी वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थागत कार्यों में जुटे हैं।





मौके पर जगन्नाथ चपका मंदिर के प्रमुख सहदेव बाबाजी सहित हिरामन मांझी, सुखराम नेताम, विष्णु नेताम, विजय कुंजाम, लकीराम मराई, तेजराम साहू, किरण, घनीराम कुंजाम, लोकनाथ, देवराज, गोकुल, मुन्ना, परमेश्वरी, गोदावरी, नमिता, सरिता, रुक्मणि, गायत्री, सुखबती, ललिता, मेहंदी, रेवती, प्रतिमा, पूजा, जागेश्वरी, हेमलता, मोहन, लोकेश्वरी सहित ओडिशा-बस्तर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

# टीमों ने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को किया रोमांचित

■ मेचका में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम मेचका में 47वीं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 जनवरी को हुआ। विजेता टीम को 20,026 एवं उपविजेता टीम को 10,026 की नगद राशि सहित आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। पांचवें दिन का पहला मैच लिटिल



स्टार मेचका एवं क्रिकेट लीलॉज के बीच खेला गया, जिसमें लिटिल स्टार मेचका ने 20 रन से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच शुक्लाभाटा एवं कन्हारपुर के बीच हुआ, जिसमें शुक्लाभाटा की टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला खम्हरिया एवं जैतपुरी के बीच खेला गया। जैतपुरी की टीम ने 5 विकेट से विजय हासिल की। चौथा मैच जोरातराई एवं गोपालपुर के बीच हुआ, जिसमें जोरातराई की टीम ने 11 रन से जीत दर्ज की। अंतिम मैच बेलरबाहरा एवं रामपारा के बीच खेला गया, जिसमें बेलरबाहरा की टीम ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में समिति अध्यक्ष शंकर ठाकर, उपाध्यक्ष रवि नेताम, सचिव तेजेश्वर मांझी, सहसचिव कमल साय धुर्वा, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, संरक्षकगण हुलेश प्रजापति, जीवनलाल नाग, भारतसाय धुर्वा, नारायण मांझी, जीवन यादव, खामेश्वर धुर्वा, ललित सिन्हा, एकेएन राव, दुकालुराम नेताम, भैयालाल, दिनेश नाग, भोजलाल नागवंशी, प्रताप यादव, कैलाश ठाकुर, शेषनारायण धुर्वा, होमेन्द्र सिन्हा, रामभुवन प्रजापति, कमलसाय धुर्वा, यतीश, मनीष प्रजापति जुटे हैं।

---

## प्राक्चयन परीक्षा 1 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा 1 मार्च को प्रातः 10 से 12 बजे तक होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धमतरी जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए कक्षा 5वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे।

---

# हनुमान जी ने पर्वत पर अपने नाखून से रामायण की रचना की थी : पं अमित



■ ग्राम दर्रा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

श्री राधा कृष्ण महिला समिति व ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम दर्रा (गुरूर) में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचक पं अमित सरस भारती झा पलारी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि प्रभु श्रीराम की रावण के ऊपर विजय प्राप्त करने के पश्चात ईश्वर की आराधना के लिये हनुमान हिमालय पर चले गये थे। उन्होंने पर्वत की शिलाओं पर अपने नाखून से रामायण की रचना की जिसमें उन्होंने प्रभु श्रीराम के कर्मों का उल्लेख किया था। जब महर्षि वाल्मिकी हनुमानजी को अपने द्वारा रची गई रामायण दिखाने पहुंचे तो उन्होंने हनुमानजी द्वारा रचित रामायण भी देखी। उसे देखकर वाल्मिकी थोड़े निराश हो गये तो हनुमान ने उनसे उनकी निराशा का कारण पूछा तो महर्षि बोले कि उन्होंने कठोर परिश्रम के पश्चात जो रामायण रची है, वो हनुमान की रचना के समक्ष कुछ भी नहीं है। आने वाले समय में उनकी रचना उपेक्षित रह जायेगी। यह सुनकर हनुमान ने रामायण रचित पर्वत शिला को एक कन्धे पर उठाया और दूसरे कन्धे पर महर्षि वाल्मिकी को बिठाकर समुद्र के पास गये और स्वयं द्वारा की गई रचना को राम को समर्पित करते हुए समुद्र में समा दिया। माना जाता है कि रामचरितमानस के रचयिता कवि तुलसी दास कोई और नहीं बल्कि महर्षि वाल्मिकी का ही दूसरा अवतार थे।

---

# कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समाजोपयोगी नागरिक बनने का दिया संदेश

■ स्वदेशी संकल्प दौड़ में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम तथा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वामी



विवेकानंद के जीवन चरित्र, बाल्यकालीन प्रसंगों, व्यक्तित्व निर्माण तथा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक संबोधन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को राष्ट्र व समाज के लिए सेवाभाव से कार्य करने प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने रासेयो की भावना से विवेकानंद के विचारों को जोड़ते हुए युवाओं को कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समाजोपयोगी नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं योगिता पटेल एवं प्राची ढीमर बीए तृतीय वर्ष तथा खुशबू एवं डेमिन बीए तृतीय सेमेस्टर ने गीत व कविताओं के



माध्यम से प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। स्वदेशी संकल्प दौड़ में 10 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ में साहिल बीएससी तृतीय वर्ष प्रथम तथा संतोष कुमार बीए तृतीय वर्ष द्वितीय रहे।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित बोधवानी अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार एवं एनएसएस स्वयंसेवक दिव्या पटेल, वर्षा, खुशबू, विभा, रीना, मंदाकिनी, दुर्गेश्वरी, संतोष, त्रिलोक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता वनस्पति शास्त्र महेश कुमार ने किया।

---

# छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प






■ मगरलोड कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के संरक्षण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रमा चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज में स्वदेशी अपनाने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। स्वदेशी संकल्प दिवस अंतर्गत स्वदेशी संकल्प दौड़ प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से मगरलोड बस स्टैंड तक लगभग 1 किमी की दौड़ लगाकर स्वदेशी अपनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों, त्याग एवं समर्पण से परिचित कराते हुए स्वदेशी को आत्मसात करने का संदेश दिया। वक्ता डॉ. यशोदा साहू ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की आत्मा होते हैं और जब युवा स्वदेशी संकल्प से जुड़ते हैं, तब राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। निरूपा साहू ने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने एवं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। केदारनाथ सोनी ने स्वदेशी एवं स्वरोजगार को विकसित भारत की आधारशिला बताया। दीपक कश्यप ने युवाओं को लक्ष्य पर केंद्रित रहकर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी अपनाने एवं समाज में जागरूकता फैलाने प्रेरक नारे लगाए। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, दिव्या देवांगन, अनीता साहू, डॉ. विनोद कुमार, सुषमा, नीरज कुमार, वर्षा यादव, दानेश्वर कुमार, केदारनाथ सोनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. रमा चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुशीला साहू ने किया।

---

# रासेयो से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

■ भेंडसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ सरपंच भेंडसर श्रीमती डिगेश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि डा. शैलेन्द्र साहू प्राचार्य, टेकराम साहू सचिव महाविद्यालय प्रबंध समिति, बिसौहाराम साहू कोषाध्यक्ष प्रबंध समिति, संतराम साहू उपसरपंच, मनहरण धीवर, टेमन साहू, उषाबाई पंच एवं सहायक प्राध्यापक प्रीति साहू, दिनेश साहू, इतिबाला सोन, किरण साहू, संगीता साहू, युवराज साहू, रामकुमार साहू, गौरांग साहू थे।

प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्य पर



प्रकाश डालते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भरपूर अवसर प्रदान करती है। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, विचारों को जीवन में उतारकर समाज में उच्चतम शिखर को प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती डिगेश्वरी साहू ने शिविरार्थियों की दिनचर्या व क्रियाकलापों की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस उद्देश्य की कामना लेकर आए हैं, वह जरूर पूरी होगी। बिसौहाराम साहू ने कहा कि शिविरार्थी कड़ाके की ठंड में भी अपने घर परिवार से दूर रहकर जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने प्रयासरत हैं। उपसरपंच संतराम साहू ने कहा कि आप लोग राष्ट्र सेवा के माध्यम से अपने सर्वांगीण विकास की धारा में गोता लगाकर पार जरुर सकते हैं बशर्ते इस कार्य को निरंतरता बनाए रखना होगा। कार्यक्रम का संचालन मानसिंह साहू सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू ने किया।

---

ग्राम मसानडबरा के युवाओं ने की प्रेरणादायी पहल

# निर्धन एवं जरूरतमंदों के लिए कपड़े, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत सांकरा अंतर्गत मसानडबरा में युवाओं की प्रेरणादायी पहल सामने आई है, जहां 18–19 वर्ष आयु वर्ग के छह युवाओं ने अपने निजी संसाधनों से वंचित वर्ग के लोगों के लिए सेवा कार्य प्रारंभ किया है। ये युवा निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के लिए कपड़े, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहे हैं।



इस सराहनीय सेवा कार्य को अंजाम देने वाले संगठन का नाम वंदे मातरम् सेवा ग्रुप है। संगठन से जुड़े श्रीकांत गंजीर ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल मसानडबरा ग्राम तक सीमित न रहकर पूरे छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का विस्तार करना है।

इसके पश्चात आपसी विचार-विमर्श कर वंदे मातरम् सेवा ग्रुप के गठन का निर्णय लिया गया, जिसे सभी साथियों ने एकमत होकर स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि संगठन से जुड़े एक युवा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में अध्ययनरत हैं, जबकि अन्य सदस्य धमतरी में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि उन्होंने गरीब एवं वंचित वर्ग की कठिन जीवन परिस्थितियों को निकट से देखा और महसूस किया कि भोजन, आवास व पहनावा जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उनका जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण है। इसी सेवा भावना से प्रेरित होकर पार्थ प्रजापति, सुजल मरकाम, यमन गंजीर, वेदांत देवांगन एवं कौशिक साहू की सहमति से इस सेवा कार्य की विधिवत शुरुआत की गई। वंदेमातरम् सेवा ग्रुप का लक्ष्य केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करना तथा सामाजिक जागरूकता को सशक्त बनाना है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षित, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बन सके।

---

# काव्य पाठ में कुंती अव्वल रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

युवा दिवस के अवसर पर मूक बधिर विद्यालय (श्रवण बाधित स्कूल) धमतरी में काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पीजी कॉलेज से विकासखंड मगरलोड के ग्राम आमाचानी निवासी कुंती साहू ने काव्य पाठ में प्रथम स्थान व भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू और नगर निगम सभापति ने उन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

**खबर संक्षेप**

### बाइक की टक्कर से हुई थी नाबालिग की मौत, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सड़क दुर्घटना में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद विवेचना में पाया गया कि मृतक कामता निवासी 17 वर्षीय पीयूष हुर्रा पिता धिरपाल हुर्रा 23 मई को अपने साथी सोहन कुमार के साथ अपने साथी से मिलने पैदल ग्राम कामता से पेवारी आ रहे थे। ग्राम पेवारी मोड़ नाला के पास पहुचे थे कि पीछे से आ रही मोटर सायकल द्वारा तेज व लापरवाही पुर्वक वाहन चलाते हुए पीयूष हुर्रा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ लेकर गए। व्यास्थ्य खराब होने पर हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पाया कि मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 0372 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही व तेज चलाते हुए मृतक को टक्कर मार दिया। टक्कर से गंभीर चोट की वजह से मृतक की मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई



**कांकेर।** कोतवाली कांकेर की पुलिस ने 12 जनवरी को मुखबिर क जानकारी पर मनकेशरी में गायता चौक के पास दबिश दिया, जहाँ से आरोपी 33 वर्षीय प्रताप सिंह बघेल पिता रामधर बघेल निवासी उसेली थाना आमाबेड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 07 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 700 रुपए बताई गई है, बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोटगांव निवासी 34 वर्षीय प्रमिला दर्रो पिता सुखमन ने 12 जनवरी को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटी ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा कई एंगलो से जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिरौद में 12 जनवरी को सड़क दुर्घटना में घायल अकलाडोंगरी चिखली निवासी रघुनंदन नेताम पिता आंनद नेताम का मौत हो गया। चिखली निवासी रघुनंदन नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सरपंच संघ कुरूद ने की आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# भैंसमुंडी सरपंच पर प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत भैंसमुंडी के सरपंच ओमप्रकाश यादव पर एक युवक ने चाकू से प्राणघातक हमला किया। घटना 10 जनवरी की सुबह साढ़े दस बजे मौरीखुर्द पुल के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार सरपंच ओमप्रकाश यादव अपने निजी वाहन बोलेरो से अपने काम से कुरूद जा रहे थे। मौरीखुर्द पुल के पास बुलेट बाइक पर सवार लक्की चंद्राकर ने अचानक ओवरटेक करके सरपंच की गाड़ी रोकी।



ओमप्रकाश यादव
सरपंच

गाड़ी का दरवाजा खोलते ही लक्की चंद्राकर ने गाली-गलौज करते हुए सरपंच पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। उसके साथ भूषण चंद्राकर, किरण पाल भी थे। सरपंच अपना बचाव करते रहे। चाकू से ओमप्रकाश यादव की पीठ पर गंभीर चोटें आई और लहूलुहान हो गए। इलाज के लिए उन्हें कुरूद अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया गया। 13 जनवरी को कुरूद पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। सरपंच ओमप्रकाश यादव ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

आरोपी लक्की चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, किरण पाल के खिलाफ कुरूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर धारा 296(बी), 115 (2) , 118(ए), 351(2), 126 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।

**क्या था पूरा मामला:** सरपंच ओमप्रकाश यादव ने बताया कि लक्की चंद्राकर पिता भूषण चंद्राकर भैंसमुंडी में ही आवासीय बसाहट जगह पर अपने घर के पीछे पिछले 10 साल से मुर्गी फार्म संचालित कर रहा है। फार्म से आने वाली बदबू, गंदगी से ग्रामीणजन काफी परेशान हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम पंचायत ने 6 जनवरी को इस संबंध में मीटिंग कर उसे मुर्गी फार्म संचालित करने का वैध दस्तावेज 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक जमा करने कहा। लेकिन लक्की चंद्राकर उक्त दिवस पर जरूरी दस्तावेज के साथ उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद 10 जनवरी को नशे की हालत में उसने सरपंच पर प्राणघातक हमला किया। इस घटना में सरपंच बाल-बाल बचा।

### आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए : हरिशंकर



भैंसमुंडी सरपंच पर हुए प्राणघातक हमले को देखते हुए सरपंच संघ में आरोपी को लेकर भारी आक्रोश है। सरपंच संघ कुरूद के अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने कहा कि गांव में होने वाले गैर और अवैध कृत्यों की रोकथाम के साथ ही आवश्यक निर्णय करने ग्राम पंचायत सक्षम है। सरपंच पर हुआ प्राणघातक हमला निंदनीय है। आरोपी पर जल्द ही कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि किसी जनप्रतिनिधि के साथ भविष्य में ऐसा कृत्य न हो।



## जातिगत भेदभाव मिटाकर हमें हिंदू राष्ट्र के लिए आगे बढ़ना होगा : सोनी





- हिंदुओं को एक मंच पर लाने बालक स्कूल के खेल मैदान में हुआ हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हिंदुओं को एक मंच पर लाने के लिए शासकीय बालक स्कूल के खेल मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोकुलपुर के सत्संग भवन से कार्यक्रम स्थल तक कलशयात्रा निकालकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यवाहक स्वयं सेवक संघ कुरूद के धनेश्वर निर्मलकर थे। मुख्य अतिथि सिंचाई विभाग के रिटायर्ड एसडीओ डीसी सोनी थे। विशिष्ट अतिथि शाखा कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति चेतना रणसिंह थी। कार्यक्रम के शुभारंभ में महिलाओं ने सत्संग भवन गोकुलपुर से बालक स्कूल के खेल मैदान तक कलशयात्रा निकाली। इसके बाद पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि हिंदू धर्म में जाति भेदभाव एक त्रुटि है। हिंदू धर्म के चार वर्ण कर्म और गुण पर आधारित हैं, न कि जन्म पर। सारे हिंदू आपस में भाई- भाई हैं। मुख्य अतिथि रिटायर्ड एसडीओ श्री सोनी ने कहा कि अपने माता-पिता, गुरुजनों का सम्मान, देशभक्ति, अनुशासन, सद्चरित्र, निःस्वार्थ सेवा भाव हिंदुओं के गुण हैं। जातिगत भेदभाव मिटाकर हमें हिंदू राष्ट्र के लिए आगे बढ़ना होगा। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन जल संसाधन विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर रकेश जाधव ने किया। इस दौरान रिटायर्ड इंजीनियर दीपक पाठक, केदारनाथ वार्डे, नूतन हिरवानी, रमेश हिरवानी, शैलेंद्र साहू, नोहर देवांगन, शैलेश चंद्राकर, धरमलाल साहू, विशाल ब्रम्हे, शेखर पदमवार, भरत, लेखराम नेताम, नरेंद्र साहू, गजेंद्र कंवर, कृष्णाराम साहू, महेश गुप्ता, होमेश्वर चंद्राकर, महेश साहू, भंवरलाल देवांगन उपस्थित थे।

## चाइनीज मांझा की बिक्री पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख व्यावसायिक व रिहायशी इलाकों में पतंग एवं मांझा विक्रय करने वाले दुकानदारों की जांच की और उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में चाइनीज मांझा की बिक्री न की जाए।

निरीक्षण अभियान के दौरान निगम टीम ने रामबाग, गणेश चौक, चमेली चौक, बनियापारा, शिव चौक, सदर बाजार, गोल बाजार सहित शहर के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान दुकानों में उपलब्ध मांझे की बारीकी से जांच की गई तथा दुकानदारों को प्रतिबंधित सामग्री न रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी भी दुकान में चाइनीज मांझा पाया गया तो संबंधित दुकानदार पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और आम नागरिकों को



चाइनीज मांझा से होने वाले गंभीर नुकसान की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझा कांच और केमिकल से बना होता है, जो बेहद धारदार होता है। इससे हर साल कई लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं, गले और हाथ कटने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। वहीं पक्षियों के लिए यह मांझा सबसे बड़ा खतरा है, जिसमें फंसकर कई पक्षी घायल हो जाते हैं या उनकी मौत हो जाती है। इसके अलावा यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है क्योंकि यह लंबे समय तक नष्ट नहीं होता। नगर निगम ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे केवल सुरक्षित, स्वदेशी और सूती मांझे का ही उपयोग करें। साथ ही यदि कहीं भी चाइनीज मांझा की बिक्री होती दिखाई दे तो तुरंत नगर निगम को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## सभी जिलाध्यक्ष 20 जनवरी तक अपने अपने संगठन का विस्तार पूर्ण करें : सोनी

- कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में बस्तर संभाग भाजपा संगठन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान भाजपा के बस्तर संभाग प्रभारी हेमराज सोनी ने बस्तर संभाग के सातों जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर एवं बस्तर (जगदलपुर) के जिलाध्यक्षों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलाध्यक्ष 20 जनवरी तक अपने-अपने संगठन का विस्तार पूर्ण करें तथा जिले का सोशल मीडिया समूह गठित कर संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के निर्देशित कार्यक्रमों को मंडल स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं।

श्री सोनी ने कहा कि बस्तर में निवासरत सभी पिछड़ी जातियों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए भाजपा को और अधिक मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य है। इस सशक्तिकरण के माध्यम से वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में बस्तर की 12 की 12 विधानसभा सीटों एवं लोकसभा की दोनों सीटों पर भाजपा का परचम लहराने का संकल्प लिया जाए।



उन्होंने बताया कि छग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पिछड़ी जातियों से लगभग छह मंत्री प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो सामाजिक समावेशन का उदाहरण है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने पिछड़ी जातियों को संवैधानिक दर्जा दिया है और लगभग 12 केंद्रीय मंत्री पिछड़ी जाति से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बस्तर में पिछड़ी जातियों को पंचायत एवं नगरीय प्रशासन में भी प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है और आने वाले समय में उन्हें और भी लाभ मिलने वाले हैं। बैठक में सभी जिलाध्यक्षों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। श्री सोनी ने आगामी जनवरी 2027 में बिलासपुर में एक लाख पिछड़ी जाति सम्मेलन आयोजित करने के लक्ष्य को सामने रखते हुए कहा कि इसी सत्र से बूथ स्तर पर प्रवास कर समाज के प्रभावशाली एवं प्रतिष्ठित लोगों से संपर्क कर पार्टी की विचारधारा से जोड़ना होगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को सेवा, समर्पण और निष्ठा के साथ जुटना पड़ेगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दीवान जिला पंचायत सदस्य बस्तर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भूपेश चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक साव, बीजापुर से शंकर, कोंडागांव से देवांगन, कांकेर से अरविंद जैन एवं बस्तर से सेठिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पीपराही और आमाडबरी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

मंगलवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नभसिंह कोसले, तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने पीपराही तालाब और आमाडबरी तालाब के सौदर्यीकरण को लेकर निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने बताया कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए सबसे पहले आर्किटेक्ट से प्राक्कलन तैयार कराकर भेजा गया था। उन्होंने दोनों तालाबों की वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी और बरसों से तालाब के टापू पर रह रहे विदेशी पक्षियों के संरक्षण के लिए आईलैंड बनाने चारों तरफ पिंचिंग करवाने की मांग पुनः रखी गई। इस तालाब में विभिन्न पक्षी-प्रेमी आकर अपनी स्टडी और तैयारी भी करते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा उड़ीसा यूनिवर्सिटी के छात्र भी आते हैं। पूर्व में भी क्षेत्रीय विधायक द्वारा पहल भी की गई थी। कलेक्टर ने इन कार्यों के लिए आश्वस्त किया तथा डिजाइन एस्टीमेट आदि में भी कुछ बदलाव की भी बातें कहीं। हरख जैन की मांग पर बॉक्स क्रिकेट और लाइब्रेरी पर भी समाधान करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि एवं नगरवासियों ने पीपराही में सबसे पहले सौदर्यीकरण और गहरीकरण करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने तालाब के बाद धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## मामूली बात पर चला चाकू व बेस बैट, दंपति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई

मामूली बात को लेकर मकेश्वर वार्ड के दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में चाकू व बेस बैट के हमले से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनो पक्षों ने थाना पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी चुरामन बंजारे पिता रामप्रसाद उम्र 37 वर्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार की रात्रि अपनी पत्नी





नीलू बंजारे के साथ वह अपने घर के पास था। इसी दौरान मोहल्ले का एक लड़का नशे की हालत में अश्लील गाली गलौज कर रहा था। उसे गालियां देने से मना किया। उक्त लड़के को समझाईश देने की बात कहने उसके घर जाकर उसकी मां व पिता वकील खान से बात कर रहा था। यह देख उक्त लड़के ने शिकायत करने का आरोप लगाते हुए अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए नुकीली वस्तु से गले के पास हमला कर दिया। बीचबचाव कर रही नीलू बंजारे के सिर पर भी उक्त लड़के ने लोहे की राड से हमला कर दिया। लड़के के पिता वकील खान द्वारा भी दोनों से मारपीट की गई।

इस घटना में चुरामन के सिर, दाएं गले के पास, सिर, सीने में गंभीर चोट आई है। घायल दंपति को मोहल्ले के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने गंभीर को देखते हुए घायल महिला को रिफर कर दिया। उसे मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वकील खान व उसके बेटे के खिलाफ धारा 115/2, 118/1, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के मकेश्वर वार्ड निवासी वकील खान पिता सुफी बुन्दु उम्र 40 वर्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार की रात्रि वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले के दो लड़कों के साथ चुरामन आया और उसके बेटे को पुरानी बात को लेकर अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए बैट से मारपीट किया। यह देख वकील खान व उसकी पत्नी सकीला बानो बीचबचाव कर रहे थे। तभी चुरामन व दोनों लड़को ने उनके साथ भी बैट व नुकीली वस्तु से मारपीट की। घटना में वकील के सिर व अंगूठा तथा महिला के हाथ में चोट लगी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चुरामन बंजारे व दोनों लड़कों के खिलाफ धारा 115/2, 118/1, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शिक्षक फेडरेशन 17 को स्कूलों में तालाबंदी कर आंदोलन करेगा

- मोदी की गारंटी पूरी करवाने लेंगे एक दिवसीय सामूहिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आगामी शनिवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय विशाल आंदोलन किया जाएगा जिसका सूचना ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद व अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को सौंपा गया। कार्यालय की ओर से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री प्रतिभा ध्रुव ने ज्ञापन लिया।

ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू ने बताया कि वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देना कोई मांग नहीं, बल्कि शिक्षकों का अधिकार है। इस आंदोलन में ब्लॉक के सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे तथा पूरे ब्लॉक में शैक्षणिक तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने से पहले भाजपा



द्वारा मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादे आज भी अधूरे हैं। वर्षों से उपेक्षित सहायक शिक्षक अब निर्णायक संघर्ष के मूड में हैं। प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। पूर्व सेवा की गणना करते हुए एलबी संवर्ग को समस्त सेवा लाभ दिए जाएं। शिक्षक उपस्थिति हेतु व्हिएसके एप को शिक्षकों के निजी मोबाइल में अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराने की बाध्यता समाप्त की जाए तथा विभाग द्वारा पृथक डिवाइस उपलब्ध कराई जाए। शिक्षकों पर थोपी गई टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन केवल विरोध नहीं, बल्कि सरकार को अंतिम संदेश है। यदि अब भी मोदी की गारंटी केवल भाषण और संकल्प पत्र तक सीमित रही, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सचिव हेमलाल साहू, जिला संगठन मंत्री खेमचंद देशलहरे, सहसचिव शंकर लाल मानिकपुरी, मिथलेश कुमार साहू, इंद्रजीत बंजारे, हरिशंकर सेन, मदन चंद्राकर, शिप्रा कन्नौजे, रूपेश्वरी साहू, विक्रम साहू, देवेश ध्रुव, गोपाल ठाकुर, रामनारायण साहू, सेवक पटेल, सैयद इनायत अली, टेकराम कंवर, खिलेश्वर प्रसाद साहू, चिन्मय सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

जग कहता है तुम रहे नहीं, मन कहता है तुम हो यहीं।
जग भी सच्चा, मन भी सच्चा, तुम गए सही पर मिटे नहीं।



स्व. श्रीमती सुशीला बाई साहू
जन्मतिथि - 11.11.1924 पुण्यतिथि - 05.01.2026

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी
श्रीमती सुशीला बाई साहू
का स्वर्गवास दिनांक 05 .01 .2026 दिन सोमवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधारकर सतलोक गमन आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान करें।

- दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम -
दिनांक - 14 जनवरी 2026 बुधवार
कार्यक्रम स्थल - कुहकुहा (कुरूद)
तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से

शोकाकुल परिवार -
देवेन्द्र, महेन्द्र, हीरालाल, नरेन्द्र, नागेन्द्र, चिंताराम, जनक, बंशी, हेमु, भीखम, टीकम, राजू, रोशन, टकेश्वर, मोनेश, त्रिलोक, ग्रंथ, परिक्रमा, कमलेश, राजू, रोली एवं समस्त सोनवानी परिवार

विनीत
रोहित कुमार साहू (पुत्र)
चुड़ामणी साहू (पुत्र)
मो. 97709-81450

जिन स्नेहीजनों को आमंत्रण नहीं मिला हो इसे ही आमंत्रण समझें।






## हरिभूमि समाचार पत्र समाज को जागरूक करने का कार्य निरंतर कर रहा : गिरि बापू

# हरिभूमि कैलेंडर तहसील नगरी का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ राज्य का सर्वाधिक प्रसारित एवं विश्वसनीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र हरिभूमि तथा हरिभूमि तहसील नगरी परिवार द्वारा नववर्ष 2026 के लिए प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन सोमवार 13 जनवरी को कर्णेश्वर मंदिर परिसर देउरपारा में हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में प्रकाशित कैलेंडर को सिहावा नगरी क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। यह कैलेंडर गोपी कश्यप नगरी तहसील प्रमुख के नेतृत्व में सहयोगी विजया कश्यप, विज्ञापन प्रभारी कुलदीप साहू एवं समाचार प्रभारी गोलू जितेंद्र मंडावी के संयुक्त प्रयास से प्रकाशित किया गया है। कैलेंडर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं लोकजीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को स्थान दिया गया है जिससे यह पूरे वर्ष आमजन के लिए उपयोगी एवं प्रेरणास्रोत बना रहेगा। नववर्ष 2026 कैलेंडर का विमोचन शिवपुराण कथावाचक गिरी बापू, लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, रूपेंद्र साहू महामंत्री भाजपा मंडल नगरी, नागेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनसेवक मोहन पुजारी, बबलू गुप्ता, श्री अवस्थी, शकुंतला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं हरिभूमि परिवार के रोमेश साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

विमोचन के दौरान अपने विचार रखते हुए गिरि बापू ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र समाज को जागरूक करने और सकारात्मक दिशा देने का कार्य निरंतर कर रहा है। कैलेंडर पूरे वर्ष हर घर में रहता है और उसके माध्यम से सामाजिक संदेशों का प्रसार होता है। हरिभूमि का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है। लक्ष्मी ध्रुव ने हरिभूमि परिवार को बधाई देते हुए कहा कि आज निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की अत्यंत आवश्यकता है। हरिभूमि समाचार पत्र इस भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रकाशित यह कैलेंडर जनता और पत्रकारिता के बीच विश्वास को और मजबूत करता है। विकल गुप्ता ने कहा कि कर्णेश्वर धाम जैसे पावन स्थल पर कैलेंडर का विमोचन होना आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। हरिभूमि द्वारा क्षेत्रीय संस्कृति, परंपरा और जनभावनाओं को सम्मान देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। बलजीत छाबड़ा ने कहा कि हरिभूमि तहसील नगरी टीम स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सामने लाने का कार्य कर रही है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। रूपेंद्र साहू ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र जन-जन की आवाज बनकर उभरा है। ऐसे प्रकाशन समाज में सकारात्मक सोच और दिशा प्रदान करते हैं। नागेंद्र शुक्ला और प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि क्षेत्रीय पत्रकारिता को सशक्त बनाने में हरिभूमि का योगदान उल्लेखनीय है। प्रकाशित कैलेंडर आम नागरिकों के लिए उपयोगी सद्धि होगा। हरिभूमि तहसील नगरी परिवार ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान चित्रांश नागवंशी, महामंत्री मोनू साहू, तरुण निषाद, जितेंद्र साहू, अवस्थी महाराज, मंदिर पुजारी विनोद, वैदिक आचार्य हुपेश पाठक, मुकेश, भानू साहू एवं सिहावा-नगरी क्षेत्र के हरिभूमि प्रतिनिधिगण अशोक पटेल, नारद साहू, जीवन साहू, भूषण नेताम, महेश नेताम, बाबा साहू मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सिर्री में श्रीमद्भागवत महापुराण आज से



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में बाजार चौक के समीप छोटे दाऊ के ब्यारा में मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा सहित सिन्हा परिवार द्वारा 14 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विगत 14 वर्षों से निरंतर जारी है। प्रवचनकर्ता बेमेतरा निवासी भागवत भूषण पं आचार्य प्रमोद शास्त्री महाराज होंगे। 14 जनवरी को सुबह 11 बजे बाजार चौक से भजन-कीर्तन के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। वेदी पूजन होगा। कथा का समापन 22 जनवरी को गीता, यज्ञ-हवन, महाप्रसादी के साथ होगा।

### आमदी में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 16 से

**नगरी।** ग्राम आमदी (तहसील बेलर) में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन 16 से 22 जनवरी किया गया है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक महाराज नंदकिशोर चौबे जगन्नाथपुर मैनपुर होंगे। प्रथम दिवस शुक्रवार 16 जनवरी को कलश यात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात श्रीमद् भागवत महात्म्य, गोकर्ण धुंधकारी प्रसंग सहित प्रतिदिन विभिन्न दिव्य कथाओं का रसपूर्ण वर्णन किया जाएगा। कथा के दौरान परीक्षित जन्म, सृष्टि वर्णन, अजामिल उपाख्यान, नरसिंह अवतार, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, तुलसी विवाह, कपिला तर्पण, नवयोगेश्वर संवाद एवं श्रीमद् भगवद्गीता उपदेश जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वाचन होगा।

### छग झेरिया यादव समाज की हुई बैठक

**अंवरी।** छग झेरिया यादव समाज जिला धमतरी की बैठक ग्राम तरसींवा में हुई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अधिवेशन का आयोजन धमतरी ब्लॉक के सोरम मंडल के ग्राम सोरम में किया जाएगा। अधिवेशन को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

## व्यक्तिगत मोबाइल से अटेंडेंस का शिक्षकों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षकों ने व्यक्तिगत मोबाइल से उपस्थिति दर्ज कराने का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर और शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने पर साइबर फ्राड का खतरा बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित महोबे की अगुवाई में शिक्षक कलेक्टोरेट में एकत्रित हुए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और डीईओ अभय कुमार जायसवाल के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को ज्ञापन प्रेषित करते हुए उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से शिक्षक और छात्रों की उपस्थिति के लिए आदेश आया है। इस एप से उपस्थिति दर्ज कराने पर जानकारी लीक होने की शत- प्रतिशत संभावना है। साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश निजता के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। संघ ने निवेदन किया है कि विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल एप के मध्यम से शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में श्रीमती मामता खालसा प्रांताध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रान्त सहसचिव हरीश सिन्हा, लोमस प्रसाद साहू जिला संयोजक, शेषनारायण गजेंद्र जिला सचिव, देवेश साहू जिला कोषाध्यक्ष, आलोक मत्स्यपाल जिला उपाध्यक्ष, शोभा गुप्ता, गौरी गुप्ता, मंजूलता शर्मा, वासंति देवांगन जिला महिला उपाध्यक्ष, प्रदीप सिन्हा, भोजराम साहू जिला सहसचिव, पुरुषोत्तम निषाद, मोहित बनपेला जिला प्रवक्ता, आत्माराम साहू, निरंजन साहू जिला सलाहकार, नंदलाल कश्यप जिला संगठन मंत्री, भूषण सिंह जिला महामंत्री, पदम साहू ब्लॉक अध्यक्ष नगरी, पवन परिहार ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी आदि शामिल थे।

## लोक गायिका आरु को मिला छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान

- जिले की युवा स्टार सेवा समिति खरतुली को भी मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के आठ युवाओं सहित धमतरी जिले के युवा स्टार सेवा समिति खरतुली और सुश्री आरू साहू को लोककला में उत्कृष्ट कार्यों के लिए युवा रत्न सम्मान दिया । 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर सम्मानित किया।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित युवा रत्न सम्मान समारोह में स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, साक्षरता, महिला उत्थान, सामाजिक जागरूकता, नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता, जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसे अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए धमतरी जिले के खरतुली की युवा स्टार सेवा समिति को भी छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान प्रदान किया। उन्हें 5 लाख का चेक भी मिला। सुश्री आरू साहू को लोककला में उत्कृष्ट कार्यों के लिए युवा रत्न सम्मान दिया।

सुश्री आरू साहू को लोककला में उत्कृष्ट कार्यों के लिए युवा रत्न सम्मान दिया। उन्हें एक लाख रुपये का चेक मिला। सुश्री आरू साहू छत्तीसगढ़ की एक उभरती हुई और लोकप्रिय लोक गायिका हैं, जो अपने छत्तीसगढ़ी गानों के लिए जानी जाती हैं और उन्होंने यूट्यूब व फेसबुक पर लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई है। खासकर छठ पूजा गीतों और अन्य लोक धुनों के माध्यम से अपनी जगह बनाई और वे अपनी कला से राज्य की संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने मात्र 31 वर्ष की आयु में दुनिया में भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और सभ्यता का मान और सम्मान बढ़ाया। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य की उत्कृष्ट युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है।

उपमुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की सांस्कृतिक शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया था। आज करोड़ों युवा उनसे प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खरतुली के युवा स्टार सेवा समिति और सुश्री आरू साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीपीएल-7 में नवागांव वार्ड का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- लगातार दो जीत से प्री-क्वार्टर फाइनल में एंट्री

मिशन ग्राउंड में चल रही धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। 6 जनवरी से प्रारंभ इस टूर्नामेंट में शहर और ग्रामीण अंचल की कुल 32 टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। 26 जनवरी को फाइनल मुकाबले के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा, जिसमें विजेता टीम को 2 लाख रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 1 लाख रुपये एवं रनरअप ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

लीग चरण के मुकाबले अपने अंतिम दौर में पहुंच चुके हैं। अब तक खेले गए मैचों के बाद 7 टीमें प्री-क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का कर चुकी हैं। सोमवार को खेले गए सातवें दिन के मुकाबलों में नवागांव वार्ड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों मैच जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई कर लिया। वहीं अंबेडकर वार्ड को लगातार हार का सामना करना पड़ा।

पहला मुकाबला रिसाईपारा और अंबेडकर वार्ड के बीच खेला गया, जिसमें रिसाईपारा ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में नवागांव वार्ड ने कोष्टापारा को 8 विकेट से हराया। नवागांव के कप्तान शुभम साहू ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई। तीसरे मुकाबले में भी नवागांव वार्ड ने रिसाईपारा को 9 विकेट से पराजित कर अपनी ताकत का परिचय दिया। दिन के अंतिम मैच में अंबेडकर वार्ड ने कोष्टापारा को 23 रन से शिकस्त दी।

टूर्नामेंट में अब तक भटगांव, पोस्ट ऑफिस वार्ड, नवागांव वार्ड, अरौद, साल्हेवारपारा, लोहरसी और महात्मा गांधी वार्ड की टीमें प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। मंगलवार के लीग मुकाबलों के बाद आठवीं टीम का फैसला होगा। इसके पश्चात 14 जनवरी से नॉकआउट मुकाबले शुरू होंगे, जिससे टूर्नामेंट का रोमांच और भी चरम पर पहुंच जाएगा।

## 30 बस की औचक जांच, 14 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया

- सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाने वाले बस संचालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



यात्री बसों के संचालन में छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। विशेषकर बसों में आगजनी की घटनाएं यात्रियों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। इसी गंभीरता को देखते हुए सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत धमतरी परिवहन विभाग ने देर रात बसों की सघन जांच की, जिसमें सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाने वाले बस संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

परिवहन अधिकारी पुष्पेंद्र साहू परिवहन निरीक्षक के नेतृत्व में विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी कर 30 बसों की औचक जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि कई बसों में न तो आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम थे और न ही प्राथमिक उपचार पेटी (फस्ट एड किट) मानकों के अनुरूप थी। 10 बस से 14,000 रुपये समन शुल्क वसूला गया ।

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कई बसों में आपातकालीन द्वार (इमरजेंसी एग्जिट) के पास सामान रखा था या वे जाम थे। परिवहन विभाग ने बस संचालकों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में यह कार्रवाई और तेज की जाएगी।

धमतरी शहर छत्तीसगढ़ के हृदय स्थल की तरह है, जो राजधानी रायपुर सहित बस्तर, कांकेर और ओडिशा को जोड़ता है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री बसें गुजरती हैं जो 24 घंटे शहर के मुख्य और भीड़भाड़ वाले मार्गों से होकर निकलती हैं। ऐसे में यदि किसी वाहन में आगजनी जैसी घटना होती है, तो अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) न होने की स्थिति में बड़ी जनहानि हो सकती है।

## बनारस के अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति देंगे धमतरी के कलाकार

- उपासना, मनुराज एवं वीरेंद्र बनारस में देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर के लिए यह एक और गौरवपूर्ण अवसर है। जिले के तीन प्रतिष्ठित कलाकार उपासना भास्कर, पंडित मनुराज पचौरी और वीरेंद्र साहू बनारस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम घाट संध्या और टीएफसी ऑडिटोरियम में अपनी प्रस्तुतियां देने जा रहे हैं।

इससे पूर्व ये कलात्मक तिगड़ी देश के कई सांस्कृतिक शहरों में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्त प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्य शामिल हैं। बनारस रवाना होने से पहले तीनों कलाकारों ने बताया कि वे इस अवसर को लेकर काफी उत्साहित हैं।

उपासना भास्कर ने बताया कि वे आठ वर्ष की उम्र से कथक से जुड़ी हैं और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त करने के बाद भी निरंतर नृत्य साधना कर रही हैं।

वीरेंद्र साहू लंबे समय से कथक संगत, संगीत संयोजन और गायन से जुड़े हुए हैं। वहीं पंडित मनुराज पचौरी देशभर में अपने तबला वादन और संगत के लिए प्रसिद्ध हैं और अनेक ख्यात कलाकारों के साथ मंच साझा कर चुके हैं।

इनकी इस उपलब्धि पर पंडित राजेश शर्मा, दीपक लखोटिया, पीबी पराडकर, तानसेन श्रीवास्तव, मदनमोहन खंडेलवाल, हर्षद मेहता, अरुण चौधरी, रूपेश राजपूत, इंदर चोपड़ा, रंजीत छाबड़ा, रंजना साहू, मदनमोहन दास, बसंत त्रिवेदी, नीरज रणसिंह सहित अनेक कला प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्साहवर्धन किया है।

### छग रजत जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

**नगरी।** रजत जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल नगरी परिसर में पुलिस अनुभाग नगरी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस जवानों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी, बीएमओ डॉ. अरूण नेताम, डॉ. देवकी नंदन सोम, कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## सामाजिक सदस्यों को प्रमाण-पत्र का वितरण



**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी की बैठक आमातालाब स्थित सामाजिक भवन में हुई। बैठक में नववर्ष मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। धमतरी नगर इकाई के सामाजिक सदस्यों को नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव द्वारा सामाजिक सदस्यता प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। गीता जयंती महोत्सव 2025 के आवक -जावक की जानकारी दी गई। बैठक में उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, बंशीलाल यादव, हशुलाल यादव, यशवंत यादव, चुनेश्वर यादव, तुलसीराम यादव, बसंत यादव, राजेंद्र यादव, मोहन यादव, विजय यादव, सुरेखा यादव, गंगू यादव, पूजा यादव, आशा यादव, कामिन बाई, किरण यादव उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

मस्तिष्क रोग
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
16 जनवरी 26, शुक्रवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: श्रीराम हॉस्पिटल, गंगरेल रोड, धमतरी समय: दोपहर 1 से 2 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. उमेश कुमार चंद्रा
MBBS, MD, DrNB Neurology
Sr. Consultant - Neurophysician
मस्तिष्क रोग के लक्षण
• मिर्गी का उपचार • मस्तिष्क में गठान
• सिर दर्द का उपचार
• मांसपेशियों की बीमारी ( Muscular Dystrophy)
• लकवा संबंधित जांच
• याददाश्त का कम होना
• अनिद्रा संबंधित विकार • पार्किंसंस
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
9179090912, 9165078797
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर | अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI